डीएम ने किया उपकारा बिक्रमगंज का निरीक्षण

डिहरी ऑन सोन (आससे)। उपकारा बिक्रमगंज में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और कारा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने सोमवार को जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदी खंडों से लेकर अस्पताल, पाकशाला, स्मार्ट क्लास, जेल रेडियो, पुस्तकालय और महिला खंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने महिला बंदियों के बच्चों के लिए प्रस्तावित शिशु देखभाल केंद्र (क्रेच) का निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक मो. तारिक अनवर ने जिलाधिकारी को कारा में संचालित कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षा प्रबंधों, बंदियों को मिल रही बुनियादी सुविधाओं और सुधारात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कारा प्रबंधन के कार्यों की सराहना की। उन्होंने परिसर की स्वच्छता पर संतोष व्यक्त करते हुए



व्यवस्थाओं को इसी तरह बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया। महिला खंड के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों की देखभाल से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के लिए प्रस्तावित क्रेच का निर्माण कार्य समय पर पूरा कराने का निर्देश दिया, ताकि उन्हें देखभाल के लिए जरूरी सुविधाएं मिल सकें। जिलाधिकारी ने पूरे निरीक्षण को सकारात्मक और संतोषजनक बताते हुए बंदियों को उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाए रखने का निर्देश दिया।

वज्रपात एवं अन्य आपदाओं से बचाव हेतु जागरूकता अभियान का शुभारंभ

औरंगाबाद (आससे)। जिले में वज्रपात एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से आज दिनांक 26 अक्टूबर 2026 को जिलाधिकारी, औरंगाबाद श्रीमती अभिलाषा शर्मा (भा0प्र0से0) द्वारा एलईडी जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जिलाधिकारी ने एलईडी जागरूकता वाहनों को दिखायी हरी झंडी

इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत कुल 04 एलईडी जागरूकता वाहन जिले के सभी 11 प्रखंडों की 144 पंचायतों में अगले 18 दिनों तक भ्रमण करेंगे। इन वाहनों के माध्यम से आम नागरिकों को वज्रपात से बचाव, आपदा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा के उपायों के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, जिले की 74 पंचायतों में कठपुतली शो का भी आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से मनोरंजक एवं संवादात्मक तरीके से आमजन को वज्रपात तथा अन्य आपदाओं से बचाव के उपायों, सुरक्षित व्यवहार और आपदा के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता बढ़ाना, आपदा जोखिम को कम करना तथा लोगों को सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शित संदेशों द्वारा लोगों को वज्रपात के दौरान खुले मैदानों, पेड़ों एवं बिजली के खंभों से दूर रहने तथा सुरक्षित स्थानों पर आश्रय लेने सहित आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाएगी।

जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों को अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा अधिकाधिक लोगों तक आपदा सुरक्षा संबंधी संदेश पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदाओं से होने वाली क्षति को कम करने में जन-जागरूकता की महत्वपूर्ण भूमिका है। समय पर सही जानकारी एवं आवश्यक सावधानियों को अपनाकर अनेक जानें बचाई जा सकती हैं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन श्री उपेन्द्र पंडित एवं सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सुश्री अंतरा कुमारी उपस्थित रहीं।



कार की टक्कर से व्यवसायी की मौत, विरोध में सड़क जाम

सासाराम (आससे)। सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यवसायी की मौत हो गई। घटना पुरानी जीटी रोड पर फजलगंज के समीप सुबह करीब 5 बजे की है। मृतक की पहचान बड्डी थाना क्षेत्र के कचनत गांव निवासी जयप्रकाश के रूप में हुई है। मृतक जयप्रकाश प्रतिदिन की तरह सोमवार की सुबह ट्रैक्टर से भूसा बेचने के लिए सासाराम आए थे। फजलगंज के पास ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा करने के बाद वह सड़क पार कर दूसरी तरफ जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जयप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने सड़क को जाम कर विरोध जताया है। काफी देर तक सड़क जाम रहा है सूचना मिलने पर पहुंचे सीओ खुशबू कुमारी और नगर थाना अध्यक्ष ने लोगों को समझा बूझकर सड़क जाम को हटवाया।



आरएएफ में सतर्कता जागरूकता अभियान

औरंगाबाद (आससे)। सीआरपीएफ के कमांडेंट दुर्गा नन्दन श्रीवास्तव डिप्टी कमांडेंट, डेल्टा 114 आर ए एफ औरंगाबाद ने सतर्कता जागरूकता



सप्ताह के अवसर पर सभी कार्मिकों को सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने, अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा भ्रष्टाचार-मुक्त भारत के निर्माण हेतु शपथ दिलाई।

सब का सम्मान जीवन आसान पहल के तहत एसपी का जनता दरबार

औरंगाबाद (आससे)। पुलिस अधीक्षक,औरंगाबाद के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत आयोजित जनता दरबार में कुल-22 आगंतुकों की शिकायतें सुनी गई। महोदय के द्वारा सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित को निर्देश दिए गए।

जिला स्तरीय कला उत्सव का हुआ उद्घाटन

औरंगाबाद (आससे)। बिहार राज्य परियोजना परिषद, पटना एवं शिक्षा विभाग, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में समग्र शिक्षा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न श्रृंखलाबद्ध शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के क्रम में जिला स्तरीय कला उत्सव का उद्घाटन स्थानीय आम्रपाली कला केंद्र में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर सिंह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अमृतेश आर्यन एवं जिला संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज के द्वारा दीप जलाकर संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन संबोधन में जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर ने बताया कि समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत कला उत्सव के तहत गायन वादन नाटक एवं दृश्य कला की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

कृषि यांत्रिकरण मेला का जिला पदाधिकारी ने किया उद्घाटन

बिक्रमगंज (आससे)। कृषि विज्ञान केंद्र कृषि फार्म, धनगाई, बिक्रमगंज में कृषि यांत्रिकरण मेला-2026 का भव्य आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस मेले का उद्घाटन जिला पदाधिकारी, रोहतास श्री दीपक कुमार मिश्रा (भा.प्र.से.) द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज सहित कृषि विभाग एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के विकास के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया गया।मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत कृषि तकनीकों तथा वैज्ञानिक पद्धतियों से अवगत कराना, कृषि कार्यों को सुगम एवं कम लागत वाला बनाना तथा कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के लिए प्रोत्साहित करना है।आधुनिक कृषि यंत्रों एवं तकनीकों की प्रदर्शनी

कृषि यांत्रिकरण मेले में आधुनिक कृषि यंत्रों एवं उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, सिंचाई उपकरण तथा अन्य उपयोगी कृषि यंत्रों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। ऐसे आयोजनों से किसानों को अपनी आवश्यकता के अनुरूप कृषि यंत्रों की जानकारी प्राप्त करने तथा कृषि कार्यों में यांत्रिकरण के महत्व को समझने का अवसर मिलता है।

मेले में किसानों को कृषि विशेषज्ञों के माध्यम से कृषि यंत्रों के उपयोग, आधुनिक खेती की तकनीकों तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। इसका उद्देश्य किसानों को योजनाओं के प्रति जागरूक करना, कृषि



यांत्रिकरण को बढ़ावा देना तथा कृषि कार्यों में समय एवं श्रम की बचत सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना है।इसके अतिरिक्त, दो दिवसीय मेले में कृषक प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं कृषि उपकरणों के व्यावहारिक उपयोग के संबंध में जानकारी देने की व्यवस्था की गई है, जिससे किसान नवीन तकनीकों को अपनाकर अपनी कृषि व्यवस्था को अधिक प्रभावी बना सकें।

कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी, रोहतास एवं अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया गया। कृषि विकास के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना भी टिकाऊ कृषि व्यवस्था के लिए आवश्यक है।

कृषि यांत्रिकरण मेला-2026 किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने, कृषि कार्यों में दक्षता बढ़ाने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस प्रकार के आयोजनों से किसानों को नई तकनीकों को समझने, कृषि विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने तथा खेती को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने में सहायता मिलती है।

यह दो दिवसीय मेला दिनांक 26 एवं 27 अक्टूबर, 2026 को कृषि विज्ञान केंद्र कृषि फार्म, धनगाई, बिक्रमगंज में आयोजित किया जा रहा है। संबंधित विभागों द्वारा किसानों से अपील की जाती है कि वे मेले में भाग लेकर आधुनिक कृषि यंत्रों, नवीन कृषि तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा कृषि विकास की दिशा में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं।

दरिगांव पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

डिहरी ऑन सोन (आससे)। दरिगांव थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत कुर्की वारंट के मामले में कार्रवाई करते हुए कादिरगंज गांव निवासी विवेक कुमार को गिरफ्तार किया है। वह कृष्णा पासवान का पुत्र है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश करने के लिए भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार विवेक कुमार इंद्रपुरी थाना कांड संख्या 382/14 में वांछित था। उसके खिलाफ माननीय न्यायालय, उत्पाद से कुर्की वारंट निर्गत था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि वांछित आरोपितों और वारंटियों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



दिनदहाड़े स्कॉर्पियो रुकवाकर दो लाख की सोने की चेन लूटी

डिहरी ऑन सोन (आससे)। नासरीगंज थाना क्षेत्र के लाला अतिमी गांव स्थित मुसहरवा टोला के समीप बदमाशों ने दिनदहाड़े स्कॉर्पियो रुकवाकर करीब दो लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन लूट ली। विरोध के दौरान पीड़ित पर फायरिंग की गई, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद बदमाशों ने वाहन पर ईंट-पत्थर से हमला कर उसके आगे और पीछे के शीशे तोड़ दिए। घटना को लेकर काराकाट थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव

फायरिंग से मची अफरातफरी

निवासी भोला यादव ने चार नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, भोला यादव नासरीगंज से अपनी स्कॉर्पियो से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मुसहरवा टोला के पास आरोपितों ने उनका वाहन रुकवा लिया। आरोप है कि स्कॉर्पियो का शीशा खुलवाकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली गई। इसके बाद उन पर गोली चलाई गई। हालांकि, वह किसी तरह बच निकले और वाहन स्टार्ट कर वहां से भागने लगे। इसी दौरान आरोपितों ने स्कॉर्पियो पर पथराव कर दिया, जिससे वाहन के आगे और पीछे के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। मामले में लाला अतिमी गांव निवासी अजीत कुमार उर्फ वानरा, मुकेश कुमार, प्रेम कुमार उर्फ सोपाड़ी और काराकाट थाना क्षेत्र के चांदी पट्टी गांव निवासी अंकित कुमार को नामजद किया गया है। प्राथमिकी में आरोपितों पर पूर्व में हत्या और लूट समेत कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहने का आरोप भी लगाया गया है। इधर, थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस सघन छापेमारी अभियान चला रही है।

तीन पुलिस पदाधिकारी एएसआई से एसआई पद पर प्रोन्नत

डिहरी-ऑन-सोन, (आससे)। रोहतास पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सोमवार को पिपिंग समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय के आदेश के आलोक में आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक ने सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) से अवर निरीक्षक (एसआई) के पद पर प्रोन्नत हुए तीन पुलिस पदाधिकारियों को स्टार पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी।इस दौरान प्रोन्नत पुलिस पदाधिकारियों को नई भूमिका के अनुरूप कर्तव्यों के निर्वहन और जिम्मेदारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग में पदोन्नति को अधिकारियों के कार्य और जिम्मेदारी के विस्तार के रूप में देखा जा रहा है।रोहतास पुलिस ने इस आयोजन के माध्यम से प्रोन्नत पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी के साथ जनसेवा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

रोहतास में केबल चोरी का खुलासा मुखिया समेत दो पर प्राथमिकी

डालमियानगर रोहतास आससे। पावर सबस्टेशन के पूर्व मिस्त्री पर तार-केबल काटकर चोरी करने और कथित तौर पर मुखिया के सहयोग से बेचने का मामला सामने आया है। विद्युत जेई पंकज कुमार शर्मा ने राजपुर प्रखंड की मंगरवलिया पंचायत के मुखिया इंद्रजीत राय और पूर्व मानव बल हरिनारायण सिंह के खिलाफ राजपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जेई के अनुसार मौना फीडर के मानव बल शम्स तबरेज और आफताब आलम मरम्मत के लिए सखरा जा रहे थे। तभी मुखिया के गोदाम के पास वाहन संख्या बीआर26जीबी6172 पर करीब तीन लाख रुपये का केबल लदा मिला। आरोप है कि इसे गोदाम में तौलकर बेचने की तैयारी थी।पूछताछ करने पर मुखिया ने लाठी से हमला कर दिया, जिसमें आफताब घायल हो गए। ग्रामीणों ने छठ घाट का केबल काटकर बेचने का भी आरोप लगाया है। राजपुर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

छिनतई कांड में तीन अपराधी गिरफ्तार

डालमियानगर रोहतास आससे। छिनतई की घटनाओं से परेशान रोहतास पुलिस को एक मामले में बड़ी सफलता मिली है। चेनारी थाना कांड संख्या 383/26 दिनांक 24.10.26 के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गिरफ्तार अपराधियों की पहचान विक्रांत कुमार, पिता- स्व. सुरेंद्र बिंद, साकिन उगहनी, थाना चेनारी, अप्राथमिकी अभियुक्त धनवंत कुमार, पिता-अभय कुमार सेठ, साकिन+थाना कुदरा, जिला कैमूर और सोनू कुमार, पिता-सत्येंद्र सिंह, साकिन उगहनी, थाना चेनारी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से छिनतई किया गया 1 सोने का लॉकेट और घटना में प्रयुक्त 1 अपाची मोटरसाइकिल बरामद की है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई की गई। तीनों के विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।



बिहार प्रदेश स्तरीय कला महोत्सव का भव्य आगाज

औरंगाबाद (आससे)। बिहार प्रदेश स्तरीय कला महोत्सव का आगाज रविवार को शहर के अधिवक्ता संघ सभागार में आयोजित संगोष्ठी सभा के साथ हुआ। कला कौशल मंच एवं महोत्सव परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय कला महोत्सव 25 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाया जा रहा है। महोत्सव के प्रथम दिन आयोजित संगोष्ठी में कला, संस्कृति, संगीत और नृत्य के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दानिका विद्यालय के निदेशक डॉ. रविंद्र कुमार, लोक गायक टिंकू टाइगर, महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी, साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद, अधिवक्ता संघ के सचिव संजय सिंह, जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह, वरिष्ठ कलाकार लवकुश प्रसाद सिंह, कलाकार वेद प्रकाश तिवारी, चर्चित नृत्यांगना हेमा पाठक, मोहित पाठक एवं शिक्षक नेता अजय पांडे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजक समिति के सदस्य राम श्लोक रामा, अक्षय पाठक एवं मुकेश चौबे ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। लोक गायकों धर्मेंद्र यादव, राम श्लोक रामा और श्याम ने अपने गीतों के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कलाकार लवकुश प्रसाद सिंह ने की, जबकि मंच का संचालन कला कौशल मंच के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक आदित्य श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम संयोजक आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार प्रदेश स्तरीय कला महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छिपी संगीत और नृत्य की प्रतिभाओं को पहचान दिलाना तथा उन्हें उचित मंच प्रदान करना है। इसी उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में कलाकारों के ऑडिशन आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक प्रखंड से तीन-तीन प्रतिभागियों का चयन किया जा रहा है, जो आगामी 1 नवंबर को आयोजित होने वाले भव्य फाइनल मुकाबले में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को देव प्रखंड में मदनपुर, रफीगंज और औरंगाबाद क्षेत्र के कलाकारों का ऑडिशन लिया जाएगा। 29 अक्टूबर को जिला स्तरीय नामचीन कलाकारों का ऑडिशन होगा, जबकि 30 अक्टूबर को शहर के स्थानीय स्कूली बच्चों की प्रतिभा को परखने के लिए ऑडिशन आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का फाइनल मुकाबला 1 नवंबर को लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल परिसर स्थित सिद्धार्थ सभागार में होगा, जिसमें चयनित प्रतिभागियों के साथ कई नामचीन कलाकार भी शामिल होंगे।

आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 'बिहार के सुरों का बादशाह' सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, नृत्य के क्षेत्र में विजेता प्रतिभागी को 'भरतनाट्यम नृत्य उस्ताद' सम्मान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कला महोत्सव कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, अपनी सांस्कृतिक पहचान स्थापित करने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। महोत्सव की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं और कलाकारों में इसे लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कला और संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन तथा नई पीढ़ी तक पारंपरिक विरासत को पहुंचाने की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। वहीं, दानिका विद्यालय के निदेशक डॉ. रविंद्र कुमार ने भी कला के महत्व और प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रोत्साहित करने की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की सांस्कृतिक पहचान और उसकी समृद्ध परंपराओं को जीवंत रखने का महत्वपूर्ण साधन है। ऐसे आयोजन स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं। इस अवसर पर विनय सिंह, संजय सिंह, अरुण सिंह, प्रमोद सिंह, सिद्धेश सिंह, उज्ज्वल रंजन, अविनाश कुमार, श्रीराम राय सहित कई गणमान्य लोग, कलाकार एवं कला-संस्कृति प्रेमी उपस्थित रहे। संगोष्ठी सभा के साथ शुरू हुए बिहार प्रदेश स्तरीय कला महोत्सव को लेकर आयोजकों ने उम्मीद जताई कि यह आयोजन जिले की कलात्मक प्रतिभाओं को नई पहचान दिलाने के साथ बिहार की लोक संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।





